Final

# SECONDARY EXAMINATION – 2019 (ANNUAL)

## MT - HINDI (Model Set)

## (मातृभाषा हिन्दी)

**Time : 03 Hrs. 15 Minutes** — **Full Marks : 100**

**समय : 03 घंटे 15 मिनट** — **पूर्णांक : 100**

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न–पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
   (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है, इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–शीट में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।)
6. खण्ड–ब में कुल 06 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक निर्धारित हैं।
7. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 50 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्मित करें।

***बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें :–***

1. 'लौटकर आऊँगा फिर' पाठ की विधा है – 01

A. कविता B. कहानी

C. निबंध D. साक्षात्कार

2. विशेषण के भेद होते हैं – 01

A. एक B. दो

C. तीन D. चार

3. 'कुँवर नारायण' रचित पाठ है – 01

A. अक्षर ज्ञान B. एक वृक्ष की हत्या

C. मछली D. बहादुर

4. 'या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहुँ पुर की तजि डारौं।' इस पंक्ति के रचनाकार हैं – 01

A. गुरुनानक B. घनानंद

C. रसखान D. प्रेमघन

5. 'बुद्धिज्म एवं कम्युनिज्म' के लेखक हैं – 01

A. रवीन्द्रनाथ टैगोर B. राम इकबाल सिंह 'राकेश'

C. बाबा साहेब भीमराब अंबेडकर D. 'दिनकर'

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

6. संख्यावाचक विशेषण है – 01

A. चार
B. काला
C. थोड़ा
D. अधिक

7. 'नानकाना साहब' का संबंध है – 01

A. गुरुनानक से
B. रसखान से
C. प्रेमघन से
D. घनानंद से

8. नाखून हमारी ............... के अवशेष हैं। 01

A. मानवता
B. दया
C. पशुता
D. करुणा

9. आरंभिक हिंदी का साहित्य मिलने लग जाता है – 01

A. पाँचवी–छठी सदी से
B. आठवीं–नौवीं सदी से
C. दसवीं–ग्यारहवीं सदी से
D. तीसरी–चौथी सदी से

10. अमरकांत का जन्म ........... ई. में हुआ। 01

A. 1920
B. 1925
C. 1930
D. 1935

11. भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है – 01

A. मोहन
B. सेना
C. बचपन
D. पत्थर

12. किशोर से मार खाने के बाद बहादुर – 01

A. प्रतिरोध करता
B. हंगामा खड़ा करता
C. चुपचाप कोने में खड़ा हो जाता
D. रोने लगता

BiharboardQuestionpaper.com

13. रूसी जाति की अस्मिता को सुदृढ़ करनेवाले साहित्यकार हैं – 01

A. लियो टाल्सटॉय
B. ब्लादिमिर नाबोकन
C. दास्तोवस्की
D. उपर्युक्त सभी

14. कत्थक नृत्य के पर्याय माने जाते हैं – 01

A. पंडित बिरजू महाराज
B. बिस्मिल्ला खाँ
C. जाकिर हुसैन
D. इनमें से कोई नहीं

15. भाववाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है – 01

A. भलाई
B. दूध
C. सुंदरता
D. अच्छा

16. 'जित–जित मैं निरखत हूँ' पाठ के केन्द्र में हैं – 01

A. बिस्मिल्ला खाँ
B. जाकिर हुसैन
C. बिरजू महाराज
D. उपर्युक्त सभी

17. 'अज्ञेय' ने सूत्रपात किया – 01

A. छायावाद का
B. प्रगतिवाद का
C. प्रयोगवाद का
D. प्रपद्यवाद का

18. स्वर संधि का उदाहरण है – 10

A. रामावतार
B. परमानंद
C. कवीन्द्र
D. उपर्युक्त सभी

19. मदन है – 01

A. शोफर का बेटा
B. सेन साहब का बेटा
C. किरानी का बेटा
D. सेन साहब के मित्र का बेटा

BiharboardQuestionpaper.com

20. 'अन्य पुरुष' .................. भेद है – 01

A. संज्ञा का
B. विशेषण का
C. क्रिया का
D. पुरुषवाचक सर्वनाम का

21. पंडित बिरजू महाराज को 'गंडा' बांधा – 01

A. पिता ने
B. माँ ने
C. भाई ने
D. बहन ने

22. 'लौटकर आऊँगा फिर' पाठ के लेखक हैं – 01

A. प्रेमघन
B. घनानंद
C. अमरकांत
D. जीवनानंद दास

23. जापान पर परमाणु बम गिराया – 01

A. इंग्लैण्ड ने
B. अमेरिका ने
C. चीन ने
D. रूस से

24. 'रोन' नदी .................. में है। 01

A. भारत
B. फ्रांस
C. अमेरिका
D. रूस

25. द्विगु समास नहीं है – 01

A. त्रिलोक
B. भाई–बहन
C. शताब्दी
D. नवरत्न

26. लेखक अपने पिता से मछली क्यों माँगना चाहता था ? 01

A. खाने के लिए
B. खेलने के लिए
C. कुएँ में पालने के लिए
D. फेंकने के लिए

BiharboardQuestionpaper.com

27. कविता नहीं है – 01

A. अक्षर ज्ञान

B. स्वदेशी

C. हमारी नींद

D. शिक्षा और संस्कृति

28. 'मोहारा' नदी शहर से दूर थी – 01

A. एक मील

B. दो मील

C. तीन मील

D. चार मील

29. 'राजदूत' में है – 01

A. तत्पुरुष समास

B. अव्ययीभाव समास

C. कर्मधारय समास

D. द्वंद्व समास

30. 'आविन्यो' .............. नदी के किनारे अवस्थित है। 01

A. रावी

B. रोन

C. व्यास

D. ब्रह्मपुत्र

31. गिरधरलाल है – 01

A. सेन साहब का मित्र

B. सेन साहब का भाई

C. मदन का पिता

D. सेन साहब का पड़ोसी

32. संतु ............. के मारे काँप रहा था। 01

A. ठंढ

B. डर

C. खुशी

D. दर्द

33. बहुव्रीहि समास में – 01

A. पूर्वपद प्रधान होता है

B. उत्तर पद प्रधान होता है

C. दोनो पद प्रधान होता है

D. कोई पद प्रधान नहीं होता है

BiharboardQuestionpaper.com

34. मैक्समूलर के अनुसार 'सर्वाविध सम्पदा और प्राकृतिक सौंदर्य' से परिपूर्ण देश है – 01

A. स्वीटजरलैंड
B. अमेरिका
C. चीन
D. भारत

35. कमरूद्दीन का जन्म .............. में हुआ था। 01

A. उत्तर प्रदेश
B. बिहार
C. महाराष्ट्र
D. कलकत्ता

36. व्यंजन संधि का उदाहरण नहीं है – 01

A. पुनर्जन्म
B. वागीश
C. जगन्नाथ
D. उपर्युक्त सभी

37. बिस्मिल्ला खाँ के परदादा उस्ताद सलार हुसैन खाँ ...... के निवासी थे। 01

A. डुमराँव
B. सीतामढ़ी
C. दरभंगा
D. पटना

38. 'मछली' कहानी के लेखक हैं – 01

A. साँवर दइया
B. यतीन्द्र मिश्र
C. श्रीनिवास
D. विनोद कुमार शुक्ल

39. 'धर्मात्मा' का संधि–विच्छेद होगा – 01

A. धः + आत्मा
B. धर्मात्म + आ
C. धर + मात्मा
D. धर्म + आत्मा

40. जन्म से ही पागल थी – 01

A. पाप्पाति
B. लक्ष्मी
C. मंगु
D. सीता

BiharboardQuestionpaper.com

41. निबंध है – 01

A. परंपरा का मूल्यांकन
B. मछली
C. बहादुर
D. भारतमाता

42. संगीत शास्त्रांतर्गत 'सुषिर–वाद्यों' में है – 01

A. शहनाई
B. तबला
C. बाँसुरी
D. ढ़ोलक

43. शुद्ध शब्द है – 01

A. रोशन
B. आकांच्छा
C. कर्तव्य
D. उत्कर्स

44. मैक्समूलर ................. का विद्वान था। 01

A. फ्रांस
B. अमेरिका
C. रूस
D. जर्मनी

45. राजस्थानी भाषा के सफल कहानीकार हैं – 01

A. साँवर दइया
B. ईश्वर पेटलीकर
C. श्रीनिवास
D. इनमें से कोई नहीं

46. बुढ़ापा में कौन–सा प्रत्यय है ? 01

A. बुढ़ा
B. आपा
C. अपा
D. पा

47. सीता के कितने बेटे थे ? 01

A. दो
B. तीन
C. चार
D. पाँच

BiharboardQuestionpaper.com

48. शुद्ध वाक्य है – 01

A. यह मेरी पुस्तक है

B. रोटी ताजी है

C. दाल कच्चा है

D. सुरेश को पूछो

49. 'ढहते विश्वास' कहानी के केन्द्र में है – 01

A. सुखाड़ की समस्या

B. बाढ़ की समस्या

C. दहेज की समस्या

D. भ्रष्टाचार की समस्या

50. 'अभाव' में कौन–सा उपसर्ग है ? 01

A. अ

B. आव

C. अभा

D. आ

Biharbo

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का है। 5 X 2 = 10

(क) किसी भी राष्ट्र की संस्कृति, परंपरा व मूल्यों का संरक्षण वहाँ का पुस्तकालय करता है। साहित्य की उन्नति में भी उसका महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसके द्वारा साहित्य की अस्मिता की रक्षा और उसमें अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का भी जीता–जागता उदाहरण है। यह शिक्षा का केन्द्रबिन्दु होता है। नालंदा विश्वविद्यालय की समृद्धि में भी वहाँ के पुस्तकालय का महत्त्वपूर्ण योगदान है। उसके परिसर में रत्नसागर, रत्नरंजक और रत्नोदधि नामक तीन पुस्तकालय उसकी गौरवगाथा में श्रीवृद्धि करते थे। विश्व में जो भी शिक्षा के प्रसिद्ध केन्द्र रहे हैं, उसकी प्रसिद्धि में पुस्तकालय का योगदान निर्णायक रहा है। इसके अतिरिक्त विद्वानों के भी अपने–अपने निजी पुस्तकालय होते थे। मुद्रण–कला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना साधारण बात नहीं थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी संपत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी–कभी एक–एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संपूर्ण विश्व में अपना अलग ही स्थान रखते थे।

(i) हमारी संस्कृति एवं परंपरा का संरक्षण कौन करता है ?

(ii) नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर में कौन–कौन से पुस्तकालय थे ?

(iii) पुस्तकालय का निर्णायक योगदान किन क्षेत्रों में रहा है ?

(iv) कब पुस्तकों का संग्रह करना साधारण बात नहीं होती थी ?

(v) साहित्य की अस्मिता की रक्षा किस प्रकार होती है ?

Biharboard Questionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

अथवा

(ख) आजकल 'धर्म' का प्रयोग संकुचित अर्थों में किया जाने लगा है। भारतीय दर्शन में इसकी व्यापक परिभाषा दी गई है। धर्म शब्द 'धृ' धातु से बना हे जिसका अर्थ है "धारण करना"। अब प्रश्न है किसको धारण करना ? क्या धारण करना? इस संबंध में विद्वानों का स्पष्ट मत है कि संसार में जो भी श्रेष्ठ है, जनकल्याणकारी है, सत्य है, शिवमय है, सुन्दर है, जिससे हमारी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ऊर्जा घनीभूत होती है और जिससे हमें कर्मलीन होने की प्रेरणा मिलती है, उसे हम अपने आचरण में उतारें, धारण करें। अतएव भारतीय मनीषियों ने कहा भी है –"धार्यते इति धर्मः।" आजकल जैसे–जैसे धर्म के सनातन स्वरूप से हम अलग होते जा रहे हैं, हमारी अर्थ लिप्सा भी उसी अनुपात में राक्षसी रूप धारण करती जा रही है। हमारी ओछी महत्त्वाकांक्षा, धनसंग्रही प्रवृति और संवेदनहीनता हमारे ऊपर हावी होने लगी है। हम वैचारिक व सांस्कृतिक अवमूल्यन के दलदल में आकंठ धँस चुके हैं। हमें यदि इससे उबरना है, निजात पानी है तो पुनः सनातन ओर व्यापक धार्मिक मूल्यों को आत्मसात करना होगा जिसका मूलमंत्र – 'वसुधैव कुटुंबकम्' व 'सर्वे भवन्तु सुखिन' ....।

(i) आजकल 'धर्म' का प्रयोग किस अर्थ में किया जाता है ?

(ii) धर्म की व्यापक परिभाषा क्या है ?

(iii) 'धर्म' किस धातु से बना है ?

(iv) 'धर्म' के सनातन स्वरूप की उपेक्षा के क्या परिणाम हो रहे हैं ?

(v) सांस्कृतिक व वैचारिक अवमूल्यन रोकने के लिए क्या करना चाहिए ?

BiharboardQuestionpaper.com

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। 2 X 5 = 10

(क) वर्तमान भारतीय न्यायिक प्रणाली का आरम्भ सन् 1600 ई0 तक हो चुका था। ईस्ट इन्डीया कम्पनी बड़े नगरों में अंग्रेजी विधि पर आधारित न्यायिक व्यवस्था आरम्भ कर चुका था। सन् 1772 ई0 तक वारेन हेस्टिंग्स ने मुफस्सल दीवानी एवं निजामत अदालतों का गठन कर लिया था। सन् 1861 ई0 में ब्रिटिश संसद द्वारा भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम 1861 पारित किया गया। इस अधिनियम के द्वारा कलकत्ता, मद्रास और बम्बई में एक–एक उच्च न्यायालय की स्थापना का अधिकार दिया गया।

(i) भारतीय न्यायिक प्रणाली का आरम्भ कब हुआ ?

(ii) ईस्ट इन्डीय कम्पनी ने इसके लिए क्या किया ?

(iii) वारेन हेस्टिंग्स ने कौन काम किया ?

(iv) भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम 1861 को किसने पारित किया ?

(v) इस अधिनियम के पारित होने से क्या हुआ ?

***अथवा***

(ख) वर्षा के रूकते ही आसमान के एक छोर से दूसरे छोर तक फैला सतरंगी इन्द्रधनुष दिखलाई पड़ने लगा। इसके सात रंगों में बैंगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी और लाल रंगों ने मिलकर इसे आकर्षक बना डाला। विशेषकर इसे देखकर बच्चे आनन्दित हो उठे। यह वर्षा के नहीं होने का भी संकेत माना जाता है। बरसात के महीनों को छोड़कर साल के दूसरे महीनों में यह नहीं दिखाई देता। इन्द्रधनुष को बनानेवाला सबसे बड़ा कलाकाकर माना जाता है। यह जीवन में मिलन का प्रत्यक्ष संदेश देता है।

BiharboardQuestionpaper.com

(i) इन्द्रधनुष कब दिखलाई पड़ता है ?

(ii) इसके सात रंग कौन–कौन हैं ?

(iii) इसे देखकर विशेष आनन्दित कौन होते हैं ?

(iv) किन महीनों में यह नहीं दिखाई देता ?

(v) इसको बनानेवाला कैसा कलाकार माना जाता है ?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिये गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखिए :– 10

(क) अशिक्षा

(i) भूमिका
(ii) अशिक्षा के कारण
(iii) अशिक्षा के दुष्परिणाम
(iv) अशिक्षा दूर करने के उपाय
(v) निष्कर्ष

(ख) जनसंख्या विस्फोट

(i) भूमिका
(ii) जनसंख्या विस्फोट के कारण
(iii) जनसंख्या विस्फोट से हानि
(iv) निदान
(v) निष्कर्ष

(ग) स्वामी विवेकानन्द

(i) भूमिका

(ii) विवेकानन्द के विचार

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

(iii) विवेकानन्द द्वारा चलाए गए सांस्कृतिक–धार्मिक जनजागरण अभियान

(iv) निष्कर्ष

(घ) आतंकवाद

(i) भूमिका

(ii) आतंकवाद के रूप

(iii) आतंकवाद के कारण

(iv) उससे निपटने के उपाय

(v) निष्कर्ष

(ड.) स्त्री शिक्षा

(i) भूमिका

(ii) भारत में स्त्री शिक्षा की वर्तमान स्थिति

(iii) स्त्री शिक्षा के लाभ

(iv) निष्कर्ष

4. बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में माँ के पास पत्र लिखें। 05

अथवा

भारत–पाकिस्तान के संबंधों को केन्द्र में रखते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए –

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 20–30 शब्दों में लिखिए – 5X2= 10

क. पाप्पाति कौन थी? वह शहर क्यों लायी गयी ?

ख. माँ मंगु को अस्पताल में क्यों नहीं भर्ती कराना चाहती थी ?

ग. कवि की दृष्टि में माली–मालिन कौन हैं ?

घ. 'दिनकर' की दृष्टि में आज के देवता कौन हैं ?

BiharboardQuestionpaper.com

ङ. मनुष्य की छायाएँ कहाँ और क्यों पड़ी हुई हैं ?

च. झोले में मछलियाँ लेकर बच्चे पतली गली में दौड़ते हुए क्यों घुस गए ?

छ. लखनऊ और रामपुर से बिरजू महाराज का क्या संबंध है ?

ज. बढ़ते नाखून द्वारा प्रकृति मनुष्य को क्या याद दिलाती है ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए – 05

(शब्द सीमा लगभग 100)

क. पहली बार दिखे बहादुर का वर्णन अपने शब्दों में करें।

ख. निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ स्पष्ट करें –

जनता ? हाँ, मिट्‌टी की अबोध मूरतें वही
जाड़े–पाले की कसक सदा सहने वाली
जब अंग–अंग में लगे साँप हो चूस रहे
तब भी न कभी मुँह खोल दर्द कहने वाली

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com